तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 19.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 7 मई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

राष्ट्रीय कथक नृत्य स्पर्धा में योगिता ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन 4



## खबर संक्षेप

### रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में प्लेसमेंट कैंप कल

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में 8 मई को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से एसके सेफ्टी विंग (एमाजॉन) हैदराबाद के अंतर्गत वेसरहाउस एसोसिट्स के कुल 5 सौ पद, कार्यस्थल हैदराबाद, मित्रा ग्रुप ऑफ कंपनी रायपुर के अंतर्गत सुपरवाईजर के 10 और सर्वेयर के 20 पद कार्यस्थल कोरबा, वेदान्ता स्कील स्कूल बालको अंतर्गत सिविंग मशीन आपरेटर इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर, होटल मैनेजमेंट, सोलर पीव्ही इंस्टालर, मोबाईल रिपेयरिंग एण्ड हार्डवेयर के 60-60 पद, कार्यस्थल छत्तीसगढ़ हेतु पात्र हितग्राहियों की नियुक्ति की जाएगी। उक्त पदों पर शैक्षणिक योग्यता 8 वीं से स्नातक उत्तीर्ण, आयुसीमा 18 वर्ष से अधिक एवं वेतनमान रूपये 10 हजार से 20 हजार तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### पीएम आवास योजना, सर्वेक्षण की समय-सीमा 15 तक

**कोरबा।** पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा बढ़ाकर 15 मई तक बढ़ा दी गई है। भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ाकर 15 मई तक कर दी गयी है पहले यह सर्वेक्षण 30 अप्रैल 2025 तक निर्धारित था। सरकार ने यह निर्णय राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों के आधार पर लिया है। ताकि सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता और व्यापकता के साथ सपन्न किया जा सकें। इस पहल का उदेश्य हर पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करना है। जिन्हें अब तक पक्के आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लक्ष्य वर्ष 2028 सभी के लिए आवास उपलब्ध कराना है। यह योजना आर्थिक रूप से गरीब, कमजोर ग्रामीण परिवारों को स्थायी और सुरक्षित पक्का आवास प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### थानों में जब्त मादक पदार्थ कल किए जाएंगे नष्ट

**कोरबा।** पुलिस अधीक्षक कोरबा के अन्तर्गत आने वाले थानों में जब्त किये गये मादक पदार्थ के नष्टीकरण हेतु जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति गठित की गई है। एनडीपीएस के प्रकरणों में नष्टीकरण हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण कर थाना के द्वारा नष्टीकरण योग्य प्रकरणों की सूची तथा मूल प्रपत्र समिति को प्रस्तुत की गई है। समिति द्वारा नष्टीकरण योग्य मादक पदार्थों को 8 मई को पूर्वान्ह 11 बजे बाल्को पावर प्लांट के भट्ठी में विधिवत जलाकर नष्टीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है। उक्त तिथि को चयनित स्थल में गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों के नष्टीकरण की कार्यवाही समिति के सदस्यों के समक्ष पंचनामा तैयार कर की जाएगी।

### नगर सैनिकों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा 22 जून को

**कोरबा।** होमगार्ड विभाग में 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु वर्ष 2024 में शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा 04 संभागीय केद्रों-रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की गई थी। जिसमें पात्र कुल 20 हजार 137 अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा के लिये चयनित किया गया है। चयनित सभी अभ्यर्थियों की सूची विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित सभी अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के लिये छ.ग. व्यापम वेबसाईट के लिंक में जाकर पंजीयन करना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा 22 जून को व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम)द्वारा छ.ग. राज्य के चार जिले रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं अंबिकापुर में आयोजित की जायेगी।

# खेती के लिए किसानों में बंटेगा इस बार सौ करोड़ का कृषि ऋण

## जिले के सहकारी बैंकों में शुरू हुआ केसीसी बनाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में इस बार कृषि ऋण के लिए सौ करोड़ का लक्ष्य रखा गया है। जिसके लिए किसानों की केसीसी बनाने का काम जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं से किया जा रहा है। इसके लिए समितियों में लोन लेने वाले किसान अपने आवेदन जमा कर रहे हैं। बीते वर्ष लोन की राशि 80 करोड़ बताई गई है जिनकी वसूली का काम धान खरीदी के दौरान किया गया है।

जिले में प्रतिवर्ष किसानों को दिए जाने वाले कृषि ऋण का लक्ष्य बढ़ता जा रहा है किसानों की संख्या बढ़ना, रकबा बढ़ना जैसे भौगोलिक कारणों की वजह से प्रतिवर्ष लोन वितरण का लक्ष्य जिले के सहकारी बैंकों को दिया जाता है। इस बार सौ करोड़ का लक्ष्य जिला सहकारी बैंक को दिये जाने की जानकारी सामने आई है। जिसकी सभी 6 शाखाओं में केसीसी बनाने का काम किया जा रहा है। इसके लिए किसानों को अपनी समितियों में केसीसी आवेदन पत्र जमा करना पड़ रहा है।

**खास बातें**

- सहकारी समितियों में किसान जमा कर रहे आवेदन
- 60 प्रतिशत नगद, 40 प्रतिशत वस्तु के रुप में दिए जाने का है प्रावधान




**घाटे का भार समितियों पर**

किसानों द्वारा लोन लिए जाने के बाद उसे पटाया नहीं जाने की स्थिति में उसके घाटे का भार समितियों पर पड़ता है क्योंकि समितियों के द्वारा ही संबंधित किसानों को लोन देने के लिए चयनित कर उनके आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह आगे बढ़ाई जाती है और जिन समितियों के द्वारा जितने किसानों को लोन देने के लिए अग्रेसित किया जाता है उतने ही किसानों को बैंक लोन देती है ऐसी स्थिति में लोन की रिकव्हरी नहीं होने पर किसानों को उसका घाटे का भार उठाना पड़ता है।

**सौ करोड़ का लक्ष्य**

किसानों को लोन देने के लिए समितियों में केसीसी बनाने का कार्य चल रहा है, इस बार सौ करोड़ का लक्ष्य है।

-**पूर्णिमा सिंह,** उप पंजीयक सहकारिता विभाग

## मामला जनपद पंचायत कोरबा के सामुदायिक भवन निर्माण का

# ग्राम पंचायत के क्षेत्र से बाहर चल रहे निर्माण के लिए पंचायत को ही बनाया गया एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत मुख्यालय के परिसर में होने वाले निर्माण कार्यों के लिए शासन की लोक निर्माण विभाग और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग जैसी निर्माण एजेंसी को कार्य न सौंपकर मुख्यालय से 30 किमी दूर स्थित ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाए जाने का मामला सामने आया है।

निर्माण एजेंसी बनाए जाने को लेकर हमेशा जनपद पंचायत कोरबा चर्चा में रहा है। इस वर्ष जनपद पंचायत परिसर के अंदर कृषि विभाग के पुराने भवन को डिस्मेंटल कर उसकी जगह 32 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसके लिए ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके पूर्व भी जनपद पंचायत कोरबा में रख रखाव व जीर्णोद्धार का काम किया गया था उसमें भी ग्राम पंचायत को ही निर्माण एजेंसी बनाया गया था। जिला मुख्यालय में संचालित जनपद पंचायत कोरबा के परिसर में होने वाले किसी भी तरह के विकास निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाए जाना सवाल खड़ा करता है। जबकि जिला मुख्यालय में ही शासन की लोक निर्माण और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग जैसी निर्माण एजेंसियां मौजूद है। काम उनको न देकर ग्राम पंचायत को दिया जा रहा है जो समझ से परे है।

**खास बात**

- पूर्व में भी कार्यों के लिए बनाई गई ग्राम पंचायत एजेंसी



जनपद पंचायत कोरबा के परिसर में चल रहा सामुदायिक भवन निर्माण का काम।

**पंचायत बनाई गई है निर्माण एजेंसी**

इस संबंध में सीईओ जनपद गौसांबी गबेल ने बताया कि शासन की ओर से ग्राम पंचायत को 50 लाख का निर्माण कार्य कराए जाने का अधिकार दिया गया है। ग्राम पंचायत को किसी भी कार्य के लिए निर्माण एजेंसी बनाया जा सकता है।

**पहले तिलईडांड़ अब कुदुरमाल**

जनपद पंचायत कोरबा में जो निर्माण कार्य चल रहा है, उसके लिए ग्राम पंचायत तिलईडांड़ को निर्माण एजेंसी बनाया गया था और अब बताया जा रहा है कि उसे बदलकर ग्राम पंचायत कुदुरमाल को निर्माण एजेंसी बनाया जा रहा है। इस पूरे मामले में जनपद सदस्यों की कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

**कन्फर्म करना पड़ेगा**

जनपद क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए ग्राम पंचायत को एजेंसी बनाए जाने के संबंध में जानकारी ली जाएगी। इसका कंफर्मेशन किया जाएगा।

-**अजीत वसंत,** कलेक्टर

**पंचायतों में अधूरे पड़े हैं कार्य**

जनपद पंचायत के द्वारा कई बार ग्राम पंचायतों को निर्माण एजेंसी बनाया गया है जहां स्कूल भवन से लेकर आंगनबाड़ी भवन जैसे निर्माण कार्य ग्राम पंचायतों के द्वारा कराये जाते रहे जो अभी भी अधूरे पड़े हुए हैं और उनकी राशि खर्च हो चुकी है ऐसे ग्राम पंचायतों में नकिया के आश्रित ग्राम खम्होन व विमलता शामिल है। इसके अलावा ग्राम बेला में भी आंगनबाड़ी भवन का निर्माण पूरा नहीं हुआ है। जबकि पंचायतों के उपर निर्माण की राशि बकाया है। जिसकी वसूली की कार्यवाही के लिए अनुविभागीय अधिकारी कोरबा के द्वारा नोटिस भी जारी की गई है।

# दंपती को 3 साल के कठोर कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जमीन अफरा तफरी के मामले में दंपत्ति के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने दोनों को 3 वर्ष कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर प्रत्येक धारा के अंतर्गत 6-6 माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जगदीश मिश्रा की रिपोर्ट पर मानिकपुर चौकी पुलिस ने सुरेशचंद्र तिवारी व उसकी पत्नी श्रीमती सुधा तिवारी के खिलाफ धारा 420, 120 बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। मामले की सुनवाई न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री सत्यानंद प्रसाद के न्यायालय में चल रही थी जहां दोनों के खिलाफ दोषसिद्ध होने पर न्यायालय ने सुरेशचंद्र तिवारी, श्रीमती सुधा तिवारी को धारा 420, 120बी के तहत 3 वर्ष कठोर कारावास व 10-10 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया है।

# तरदा से भिलाईबाजार पीएम सड़क पर दौड़ रहे भारी वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भिलाईबाजार से तरदा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी तरदा से भिलाईबाजार तक की सड़क पर इन दिनों भारी वाहनों, विशेषकर 10 चक्का ट्रेलरों का अवैध और निर्बाध रूप से आवागमन देखा जा रहा है। यह सड़क ग्रामीण संपर्क और आवागमन के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब यह भारी वाहनों का मुख्य मार्ग बनती जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की क्षमता से अधिक वजन वाले इन ट्रेलर वाहनों के कारण सड़क पर गड्ढे पड़ने लगे हैं और कई स्थानों पर दरारें भी नजर आने लगी हैं। साथ ही, इन वाहनों की तेज रफ्तार से आम नागरिकों, खासकर स्कूली बच्चों और पैदल चलने वालों को जान का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों ने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए, या फिर इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किया जाए। अगर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले समय में सड़क पूरी तरह जर्जर हो सकती है और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ सकती है।

# कोयला खदान में वाहन चालक से मारपीट, कामबंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल गेवरा खदान में रोड सेल का काम करने वाले कंपनी के लोगों ने वाहन चालक के साथ मारपीट के घटना को अंजाम दिया है। चालक कोयला लोड कर आ रहा था इस दौरान यह घटना घटी। जिसके बाद आक्रोशित वाहन चालकों ने कामबंद कर हड़ताल शुरु कर दिया। वाहन चालकों ने एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक से आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही कर दोषी रोड सेल कंपनी का डीओ को ब्लैक लिस्ट करने की मांग की है। वहीं आरोपियों के खिलाफ पुलिस में दर्ज कराई है।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल गेवरा खदान में कार्य पर नियोजित रूंगटा नामक निजी कंपनी के खिलाफ वाहन चालकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। चालकों का कहना है कि कंपनी प्रबंधन उन्हें दबाव डालकर मनमाने स्टॉक में कोयला डंप करवाता है और विरोध करने पर मारपीट करता है। मंगलवार दोपहर ऐसी ही एक घटना सामने आई, जिसमें चालक ईश्वर आनंद के साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद आक्रोशित चालकों ने हड़ताल शुरू कर दी और कंपनी प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। चालकों ने बताया कि रूंगटा कंपनी के प्रबंधन की ओर से कोयले के अवैध कारोबार में संलिप्तता के कारण बार-बार ऐसी घटनाएं हो रही हैं। घायल चालक ईश्वर आनंद ने दीपका थाने में मारपीट की लिखित शिकायत दर्ज की, जिसके आधार पर थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने मामला दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही है। वहीं वाहन चालकों ने एसईसीएल गेवरा महाप्रबंधक से लिखित शिकायत कर मांग की है कि मारपीट करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्यवाही की जाए और रूंगटा कंपनी की रोड सेल पार्टी को ब्लैक लिस्ट किया जाए। शिकायत में ड्राइवरों ने बताया कि कोयला प्रोडक्शन के लिए उनकी गाड़ियों को कोल फेस से स्टॉक तक ले जाना पड़ता है, लेकिन रोड सेल से जुड़े अनधिकृत लोग उनकी गाड़ियों के आगे-पीछे दौड़कर दुर्घटना का खतरा पैदा करते हैं। इस संबंध में कई बार लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ड्राइवरों ने आरोप लगाया कि रूंगटा कंपनी प्रबंधन को कोयले के अवैध कारोबार से करोड़ों रुपये का फायदा हो रहा है, और यदि इसकी उच्चस्तरीय जांच हो तो बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार उजागर होगा।

**खास बातें**

- एसईसीएल गेवरा खदान के रूंगटा नामक निजी कंपनी का मामला
- वाहन चालकों ने ट्रांसपोर्ट कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की रखी मांग



मारपीट में घायल वाहन चालक।

**शिकायत पर अपराध दर्ज**

वाहन चालक ईश्वर आनंद की शिकायत पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। दोषियों पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

-**प्रेमचंद साहू,** दीपका थाना प्रभारी

**नहीं दी जाती एचपीसी दर पर मजदूरी**

वाहन चालकों ने आरोप लगाया है कि रूंगटा कंपनी लंबे समय से मजदूरों का शोषण कर रही है। मजदूरों को एचपीसी दर से कम मजदूरी दी जाती है और विरोध करने पर मारपीट की जाती है। दो माह पहले भी कंपनी के कारण दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी, जिसकी शिकायत दीपका थाने में दर्ज कराई गई है, बावजूद इसके पशासन व एसईसीएल प्रबंधन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। चालकों ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## खदान के अर्जित भूमि के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई कर किया जा रहा अवैध कब्जा



**कोरबा।** मानिकपुर परियोजना की अर्जित भूमि ग्राम दादर खुर्द पर लगे पेड को काटकर के अवैध निमार्ण किया जा रहा है। जमीन दलालों द्वारा किया जा रहा है साथ ही पहले से लगे प्लाटों (पेड़) को काटकर प्लाटिंग काटकर बेचा जा रहा है। परियोजना कि 15.450 हेक्टर भूमि में सोलर प्लांट हेतु प्रायोजित थी परन्तु उक्त भूमि पर आज तक सोलर प्लांट नहीं बैठाया गया। इसलिए उक्त भूमी पर भिलाई खुर्द कमांक-1 बस्ती का पुनर्वास, पुनर्स्थापना करना है। सख्त सतर्कता बनाए रखें और सुनिश्चित करें कि खदान सीमा के भीतर ग्राम दादर खुर्द की अर्जित भूमी पर कोई अनाधिकृत कब्जा या अवैध निर्माण कार्य न हो अगर अर्जित भूमि पर कोई कब्जा या अवैध निर्माण कार्य होने कि सूचना मिलता है तो एफआईआर की कार्यवाही किया जाए।

# लगातार घट रही कोल माइंस प्रोविडेंट फंड की ब्याज दरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयलाकर्मियों के लिए बने कोल माइंस प्रोविडेंट फंड पर ब्याज दर लगातार घट रही है। मार्च 1991 से मार्च 2000 तक लगातार 12 फीसदी की दर से ब्याज मिल रहा था। मार्च 2023 में 8 फीसदी और अब 7.60 फीसदी की दर से ब्याज दिया जा रहा है बोर्ड ऑफ ट्रस्टी में यूनियनों के विरोध का भी असर नहीं है। पिछले 24 साल से कोयलाकर्मियों के लिए बने कोल माइंस प्रोविडेंट फंड (सीएमपीएफ) पर ब्याज दर लगातार घट रही है। इससे कोयलाकर्मियों को जमा राशि पर कम ब्याज मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि कोल मांइस प्रोविडेंट फंड पर घटते ब्याज दर को लेकर कोयला कर्मियों के द्वारा विरोध जताया रहा है। वर्ष 2000 में कोयलाकर्मियों को सीएमपीएफ मद में जमा राशि पर 12 फीसदी की दर से ब्याज मिलता था। अब यह घटकर 7.60 फीसदी हो गया है। कोयलाकर्मियों को पीएफ पर मिलनेवाले ब्याज की दर बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में तय होती है। इस ट्रस्ट के चेयरमैन कोयला सचिव होते हैं इसमें ज्यादातर सदस्य सरकार के अधिकारी या उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि होते हैं। ब्याज दर का निर्णय बहुमत से होता है इसमें ट्रेड यूनियन के चार प्रतिनिधि भी बैठते हैं यूनियन के बहुत विरोध का भी असर ट्रस्टी की बैठक में नहीं हो पाता है। कोयलाकर्मियों को पीएफ जमा पर पिछले 40 साल में अब तक की सबसे कम ब्याज दर मिल रही है। मार्च 1986 में कोयलाकर्मियों को 10.50 फीसदी की दर से ब्याज मिलता था। मार्च 1991 से मार्च 2000 तक कोयलाकर्मियों को लगातार 12 फीसदी की दर से ब्याज मिल रहा था। मार्च 2001 के बाद यह लगातार घट रहा है, मार्च 2004 से मार्च 2016 तक ब्याज दर 8.50 फीसदी थी। यह मार्च 2017 में 8.60 हो गयी, मार्च 2018 से मार्च 2021 तक यह 8.50 हो गयी थी। मार्च 2023 में 8 और अब 7.60 फीसदी की दर से ब्याज दिया जा रहा है।



फाइल फोटो

**खास बातें**

- 24 साल में फंड की ब्याज दरों में हुई पांच फीसदी की गिरावट
- कोलकर्मियों को जमा राशि पर मिल रहा कम ब्याज, श्रमिक संगटनों ने जताया विरोध

**कब-कितनी ब्याज दर**

| वर्ष | ब्याज दर |
|---|---|
| मार्च 2000 | 12 प्रतिशत |
| मार्च 2001 | 11 प्रतिशत |
| मार्च 2003 | 9 प्रतिशत |
| मार्च 2004 | 8 प्रतिशत |
| मार्च 2007 | 8.50 प्रतिशत |
| मार्च 2017 | 8.60 प्रतिशत |
| मार्च 2020 | 8.50 प्रतिशत |
| मार्च 2022 | 8 प्रतिशत |
| मार्च 2024 | 7.60 प्रतिशत |
| मार्च 2025 | 7.60 प्रतिशत |

**12 फीसदी कटती है राशि**

कोयलाकर्मियों के मूल वेतन से 12 फीसदी राशि सीएमपीएफ के रूप में कटती है इस पर उतनी प्रतिशत राशि कोयला कंपनियां देती हैं यह 1948 में लाये गये एक्ट के आधार पर काम करता है। सरकार कोयलाकर्मियों का पैसा शेयर में लगाती है। जिसका श्रमिक संगठनों के द्वारा शुरु से विरोध किया जा रहा है। इससे कोयलाकर्मियों को नुकसान हो रहा है। पहले जमा राशि पर 12 प्रतिशत तक ब्याज मिलता था। रिटायरमेंट के समय अनुमान से कम राशि मिल पाती है। इससे बुढ़ापे में परेशानी होती है। पहले काफी अच्छी ब्याज दर मिलती थी, घटी हुई ब्याज दर चिंता का विषय है।

## खबर संक्षेप

### साइबर थाने का टीआई लाइन अटैच

**बिलासपुर।** एसएसपी ने रेंज स्तरीय साइबर थाना के कार्यशैली का नाखूश व दो प्रकरण में आरोपियों को जमानत मिलने पर टीआई विजय चौधरी को लाइन अटैच कर दिया गया है। वहीं एक एसआई को मूल जिला जीपीएम के लिए रिलीव कर दिया गया है। वहीं दो नए टीआई की पोस्टिंग की गई है। पूर्व में एसएसपी रजनेश सिंह ने मीटिंग लेकर साइबर ठगी के मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों को पकड़ने का निर्देश दिया गया था। प्रारंभ में साइबर थाना में अपराध कायम कर दूसरे राज्यों में पतासाजी कर आरोपियों की गिरफ्तारी की जा रही थी। किन्तु पिछले कुछ समय से साइबर थाना में आनलाइन ठगी के मामले में अच्छे से कार्रवाई नहीं हो रही थी। जिस रफ्तार से आनलाइन ठगी के मामले में बढ़ रहे हैं, उस तर्ज पर ठगबाजों पर कार्रवाई नहीं हो रही थी। वहीं साइबर थाना के दो प्रकरण में आरोपियों को आसानी से जमानत मिल गई है। एसएसपी श्री सिंह ने कार्यशैली से नाराज होकर साइबर थाना के टीआई विजय चौधरी को लाइन अटैच कर दिया है। वहीं थाना के एसआई अजय वारे को हटा कर उसे मूल जिला जीपीएम के लिए रिलीव कर दिया है। वहीं एसीसीयू के टीआई राजेश मिश्रा व पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई रविकांत तिवारी की साइबर थाना में पोस्टिंग की गई है।

### स्वास्थ्यकर्मी के सूने मकान में चोरों का धावा

**बिलासपुर।** दिनदहाड़े स्वास्थ्यकर्मी के सूने मकान व फार्म हाउस में वकील के गाड़ी व एक स्कूटी से नकद रकम व जेवर सहित अन्य सामान चोरी कर लिया गया है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, जूनाशहर लखनी देवी मंदिर के पास रहने वाले शेख नौशाद अहमद पिता हजी मोहम्मद शेख अब्दुला स्वास्थ्य विभाग में खण्ड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी है। 5 मई को दोपहर 3 बजे वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर ड्यूटी में चले गए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके मकान में धावा बोलकर दो आलमारी को तोड़कर 40 हजार रुपए नकद चोरी कर भाग गए। शाम 4.50 बजे पड़ोसी ने उनके घर में चोरी होने की जानकारी दी। दूसरी घटना में टिकरापारा निवासी वकील डा. शैलष आहुजा 6 मई को बिल्हा मुढ़ीपार अपने फार्महाउस कबूतर छोड़ने गए थे। वह फार्महाउस में अपनी कार क्रमांक सीजी 10 एस, 1829 खड़ी कर कबूतर लेकर चले गए। उसके बाद लौटे तो कार में रखा बैग चोरी हो गई थी। बैग में 4500 रुपए नकद, दो एयर बर्डस, दवाई, घड़ी, चार्जर, पक्षकारों के कागजात रखे हुए थे। तीसरी घटना में सकरी एसएस विला कालोनी निवासी प्रियंका वस्त्रकार पति चंदेश्वर वस्त्रकार 4 मई को शाम 7 बजे मार्केटिंग करने संडे मार्केट रिवरव्यू आई थी। वह अपनी स्कूटी खड़ी कर खरीददारी कर रही थी। इसी दौरान उनके स्कूटी से पर्स सहित सोने का मंगलसूत्र, मोबाइल चोरी कर लिया गया है।

### 46 नग मवेशी ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

बिलासपुर। गौ रक्षकों ने 46 नग मवेशी को बर्बरतापूर्वक बिक्री करने ले जाते दो तस्करों को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस ने मवेशी जब्त कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। मस्तूरी टीआई हरीशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, गौ रक्षकों को सूचना मिली ग्राम चौहा में मवेशियों को बर्बरतापूर्वक बिक्री करने ले जाया जा रहा है। गौ रक्षकों ने गांव में घेराबंदी कर चौहा निवासी सुनील धृतलहरे पिता सहसराम धृतलहरे, मंगलू बारमते को पकड़कर उनके पास 46 नग मवेशी बरामद कर दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया है। पूर्णेन्द्र कुमार शर्मा की रिपोर्ट पर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक पर टांगी से हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** घर के सामने शराब पीने मना करने पर युवक पर टांगी से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 5 मई की रात 10 बजे अमेरी के देवेन्द्र टोडर के घर सामने दौलत उर्फ राजा बंजारे शराब पी रहा था। उनकी दादी व बहन उन्हें शराब पीने से मना की तो युवक उनके साथ गाली गलौज कर करने लगा। आवाज सुनकर देवेन्द्र युवकों को शराब पीने से मना किया तो दौलत उर्फ राजा बंजारे उनके साथ टांगी से हमला कर दिया।

**खेतिहर जमीन को काटकर बेच रहे दलाल**

**टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने लिखा पंजीयन विभाग को पत्र, अवैध प्लाटिंग पर नहीं लग रही लगाम**

# अवैध प्लाटिंग: 56 खसरों की करीब 22 एकड़ जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर से लगे कृषि और गैर आवासीय जमीनों को प्लाट काटकर अवैध रूप से बेचने का खेल नहीं थम रहा है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और नगर निगम से अनुमति के बिना ही भू-माफिया लोगों को प्लाट बेच रहे हैं।

हालांकि, नगर निगम इन भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा कर रहा है, लेकिन सकरी, घुरू, अमेरी में अवैध प्लाटिंग बेखौफ चल रहा है। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जो कि निगम एरिया से बाहर है, वहां देखने वाला कोई नहीं है। जमीन दलाल खेतिहर जमीन को काटकर बेच रहे हैं। नोटिस के बाद भी यह दलाल काम नहीं रोक रहे हैं तो अब टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने पंजीयन विभाग को पत्र जारी कर 56 खसरों की करीब 22 एकड़ जमीनों पर रजिस्ट्री नहीं करने कहा है। पंजीयन विभाग ने भी इस पर रोक लगा दी है। हालांकि यह भी शिकायत मिल रही है कि गुपचुप तरीके से पंजीयन जारी ही है। सकरी से लेकर गनियारी कोटा रोड की दोनों तरफ तो खुलेआम अवैध प्लाटिंग जारी है। इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसके साथ ही सकरी से मेण्ड्रा और पेण्ड्रीडीह बायपास की सड़कों तरफ दलाल तंबू लगाकर बिना ले आउट पास जमीनों की कच्ची प्लाटिंग कर रहे हैं।

जिले में जमीन दलाली नहीं रुक रही है। राजस्व, निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की टीम अपने हिसाब से सख्ती बरत रही है लेकिन नियमों की आड़ में सब जारी ही है। पिछले दिनों जिला प्रशासन ने अवैध प्लाटिंग करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ टीम बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। निगम का भवन शाखा और अतिक्रमण दस्ता पिछले कुछ दिनों से अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई करने का दावा भी कर रहा है। बावजूद इसके शहर के आउटर में कृषि और गैर आवासीय जमीनों को प्लाट काटकर भू-माफिया बेच रहे हैं। सरकंडा के मोपका, चिल्हाटी से लेकर बिजौर, बिरकोना, खमतराई, बहतराई के साथ ही सकरी, घुरू, अमेरी, तिफरा और सिरगिट्टी क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग बेखौफ चल रहा है।

### किसानों से एग्रीमेंट कर बेच रहे जमीन

दरअसल, शहर के भू-माफिया अपनी पहचान छिपाने के लिए किसानों की जमीन का पहले एग्रीमेंट करते हैं। इसके बाद प्लाट काटकर उसे अपने एजेंटों के माध्यम से लोगों को बेचते हैं। ऐसे भू-माफिया लोगों को नाली-बिजली और ट्रांसफार्मर लगाकर कॉलोनी बनाने का झांसा देकर जमीन बेच रहे हैं। नगर निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति के बिना ही खेत को प्लाट बनाकर रोड बनाकर बिजली खंभा लगा दिया गया है। उनके झांसे में आकर लोग जमीन भी खरीद रहे हैं।

### बिना डायवर्सन और ले आउट प्लाटिंग जारी

खास तौर पर निगम से बाहरी क्षेत्र और दूसरे तहसीलों में खेतिहर जमीन बेची जा रही है। कई जगहों पर बिना डायवर्सन और ले आउट भी प्लाटिंग जारी है। ज्ञात हो कि शहर से लगे सभी इलाकों में नई कॉलोनी बनाने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से अनुमति आवश्यक है। इसके साथ ही कॉलोनाइजर लाइसेंस भी जरूरी है। कृषि योग्य जमीन को टुकड़ों में बेचने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग से मद परिवर्तन कराना भी जरूरी है लेकिन, इन सारे नियम कायदों को ताक में रखकर अवैध प्लाटिंग की जा रही है।

### शहर की खूबसूरती पर लगा रहे दाग

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और निगम के अधिकारियों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग कर शहर की खूबसूरती पर दाग लगाने वाले सरकंडा के मोपका, चिल्हाटी से लेकर बिजौर, बिरकोना, खमतराई, बहतराई के साथ ही सकरी, घुरू, अमेरी, तिफरा उसलापुर क्षेत्र की जमीनों की रजिस्ट्री पर रोक लगाने के लिए रजिस्ट्रार को पत्र लिखा गया है। दरअसल, यहां भू-स्वामी बिना व्यपवर्तन, ले आउट प्लान के जमीन को टुकड़ों में बेच रहे हैं, जिसे चिन्हित कर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। निगम आयुक्त अमित कुमार के मुताबिक निगम सीमा के किसी भी इलाकों में अवैध प्लाटिंग करने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### दिया गया है नोटिस

टाउन एंड कंट्री प्लानिंग ने पंजीयन विभाग को पत्र जारी कर 56 खसरों की करीब 22 एकड़ जमीनों पर रजिस्ट्री नहीं करने कहा है। लगातार शिकायतों के बाद इस तरह की जमीनों की खरीद फरोख्त पर रोक लगाई गई है। नोटिस भी दिया गया है।

- **बीपी पटेल**, ज्वाइंट डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

**हिरण और सांभर के लिए लगाए गए शेड हवाओं की जद में उड़े, विभाग कर रहा मरम्मत**

# अंधड़ ने उजाड़ा वन्यजीवों का आशियाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पिछले शनिवार को आए अंधड़ ने कानन पेंडारी में खलबली मचा दी है, इस दौरान वन्यजीवों के लिए बनाए गए शेडनुमा आशियाने खस्ताहाल हो गए हैं। विभाग अब इन आशियानों को दुरूस्त करने में लगा है। खास बात यह है कि सालों पुराने पेड़ भी अंधड़ की चपेट आने से टूट गए हैं, जिसे हटाने का प्रयास किया जा रहा है।

- **पेड़ और डंगालों को भी हटाने की नौबत**

हाल ही में गर्मी को देखते हुए कानन पेंडारी जू में वन्यजीवों को तपती धूप से बचाने के लिए शेड् बनाए गए हैं, इसमें पैरे और घास की छावनी भी बनाई गई है, लेकिन हाल ही में आए अंधड् ने वन्यजीवों के आशियाने को ही उजाड़ दिए हैं। सांभर और हिरण के लिए बनाए गए शेड् तेज हवाओं में उड़ चुके हैं, जिसके कारण वन्यजीवों पर तेज धूप पड़ रही है। वन्यजीव पेड़ों की छांव के नीचे शरण लेने को मजबूर है। वहीं कानन प्रबंधन एक के बाद एक शेड को दुरूस्त करने में लगा है। बताया जा रहा है कि शनिवार को आए आंधी के चलते पेड़ों की डंगाल कानन पेंडारी के सैर करने वालों के लिए जोखिम बन चुकी थी। कई पेड़ सड़क पर ही धराशाही हो गए थे। प्रबंधन ने पर्यटकों को होने वाली दिक्कतों को देखते हुए ऐसे डंगालों को हटा लिया है।


कानन पेंडारी में लगाए गए शेड आंधी में उजड़ गए हैं।

### गर्मी की तैयारी पर फेरा पानी

जू प्रबंधन ने चीतल, सांभर, बारहसिंगा जैसे कई वन्यजीवों को होने वाली परेशानी को देखते हुए खुले क्रेज में रखने का प्रबंधन किया है। यहां बांस से बने टटेरे बनाएं गए हैं। ग्रीन नेट लगाया गया है, लेकिन कई जगहों पर ग्रीन नेट फट चुके हैं। विभाग ने फरवरी माह में ही 8 लाख की लागत से गर्मी की तैयारी पूरी की थी, लेकिन एक दिन के अंधड़ ने तैयारियों पर पानी फेर दिया है। कानन प्रबंधन द्वारा वन्यजीवों को गर्मी में शीतलता देने के लिए दिन में 3 बार स्पींकलर चला रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जहां शेड उखड़ गए हैं, वहां मरम्मत कराई जाएगी।

### व्यवस्था जल्द सुधार लेंगे

अंधड़ कुछ शेड उड़ने की जानकारी नहीं है। एक दो शेड इधर-उधर हो चुके है, इसके लिए कर्मचारी तैनात है। दो-चार दिन में व्यवस्था सुधार लेंगें। वन्यजीवों को दिक्कत नहीं होने देंगे।

**-यू गणेशन,** डीएफओ, कानन पेंडारी

**कैंसर अस्पताल**

# फायर फाईटिंग, ईटीपी निर्माण में खर्च होंगे 8 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



कोनी में निर्माणधीन कैंसर अस्पताल का एक बार फिर स्टीमेट रिवाइज किया जा रहा है। साल 2023 में शुरू हुए अस्पताल निर्माण में 6 माह की देरी हो चुकी है। वहीं अब फायर फाइटिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी प्लांट बनाने के लिए 8 करोड़ रूपए का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया है। अधिकारियों के अनुसार बजट में स्वीकृत निर्माण कार्य जारी रहेंगें, लेकिन इस बीच स्वीकृति मिलने पर नई सुविधाएं भी बनाई जाएगी।

- **सीजीएमएससी, सिम्स और चिकित्सा शिक्षा के अधिकारियों ने ली थी मीटिंग**

कैंसर अस्पताल अब आकार ले चुका है। 115 करोड़ की लागत से बन रहे अस्पताल की सिविल वर्क 80 फीसदी पूरी की जा चुकी है। इस बीच अप्रैल में माह में चिकित्सा शिक्षा अधिकारी के अधिकारी, सिम्स और सीजीएमएससी के अधिकारियों की बैठक में नई प्रस्ताव दिए गए हैं।

सीएजीएसएससी ने इस प्रस्ताव में 8 करोड़ का स्टीमेट तैयार कर राज्य सरकार को भेज दिया है। बताया जा रहा है कि कैंसर अस्पताल में फायर फाइटिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी प्लांट निर्माण किया जाएगा, इसके लिए 8 करोड़ रूपए का स्टीमेट दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल के निर्माण के साथ ही इनका भी निर्माण किया जा सकता है। जानकारों के अनुसार राज्य सरकार से स्वीकृति मिलने के बाद भी निर्माण में कम से कम 1 साल का समय लग जाएगा।

### लागत बढ़ी, बजट में किया जाएगा प्रावधान

कैंसर अस्पताल का बजट साल 2018-19 में स्वीकृत किया गया था, वहीं 2023 में निर्माण शुरू कराया गया है, दो साल बाद भी अस्पताल का निर्माण पूरा नहीं कराया जा सका है। बताया जा रहा है कि 4 मंजिल के अस्पताल के लिए 345 करोड़ रूपए का बजट बनाया गया था, प्रथम चरण में 115 करोड़ की लागत से ग्राउंट फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर ही निर्माण किया जाएगा। निर्माण में अबतक 80 फीसदी सिविल वर्क हो चुका है।

### 8 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया

8 करोड़ रूपए का प्रस्ताव अभी भेजा गया है, इससे फायर फाइटिंग, बायोमेडिकल वेस्ट, लिफ्ट, ईटीपी और एसटीपी लगाएं जाएंगें। बजट से अलग निर्माण कार्य है इसलिए राज्य सरकार से फंड और स्वीकृति दोनों लेनी होगी।

**-चंद्रहास ध्रुव,** नोडल अधिकारी, कैंसर अस्पताल

# अवैध बैनर पोस्टर पूर्णतः प्रतिबंधित, हर फ्लेक्स पर लगेगी 5 हजार की पेनाल्टी, 5 प्रवेशद्वार बनेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सड़क, चौक-चौराहे, डिवाइडर और विद्युत खंभों समेत किसी भी शासकीय संपत्ति पर अब फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर लगाने वालों की खैर नहीं। ऐसे अवैध बैनर पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ नगर निगम कड़ी कार्रवाई करते हुए प्रति फ्लेक्स पांच हजार रुपए का जुर्माना वसूलेगी और वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी, साथ ही प्रिंटिंग करने वाले का नाम अब हर फ्लेक्स में मुद्रक के रूप में देना होगा।

- **सफ्लेक्स में मुद्रक का नाम अनिवार्य, अवैध लगे पाए जाने पर मुद्रक से भी होगी वसूली**

अवैध लगाए पाए जाने जुर्माना राशि का 50 प्रतिशत मुद्रक से वसूला जाएगा और 50 प्रतिशत फ्लेक्स छपवाने और लगाने वाले से। इस संबध में आज एमआईसी की बैठक में निर्णय लेकर प्रस्ताव पास किया गया। इसके अलावा दुकानों के बाहर दुकानदारों द्वारा सड़क पर बोर्ड स्थायी रूप से लगाया गया है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव भी पारित किया गया। शहर के मार्ग, चौक, डिवाइडर, खंभे, सड़क किनारे अवैध रूप से बैनर, पोस्टर लगाकर आवागमन को बाधित कर दिया जाता है इसके साथ ही दुर्घटना की संभावना भी काफी बढ़ जाती है। अवैध बैनर पोस्टर ना सिर्फ शहर की सुंदरता को खराब कर रहे हैं बल्कि शासकीय संपत्ति को भी विरूपित किया जा रहा है। इस कृत्य पर लगाम लगाने और कार्रवाई करने के लिए आज महापौर श्रीमती पूजा विधानी की अध्यक्षता में हुई एमआइसी की बैठक में सभी शासकीय संपत्तियों से अवैध बैनर पोस्टर निकालने और इसके खिलाफ लगातार अभियान चलाए जाने के साथ ही हर फ्लेक्स पर पांच हजार रुपए जुर्माना लगाने को लेकर निर्णय लिया गया। इस संबंध में बुधवार को बैठक रखी गई है।



मंगलवार को एमआईसी की बैठक में उपस्थित महापौर और आयुक्त।

### 'वन प्रोपर्टी वन टैक्स' का प्रस्ताव रखा गया

बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट को 4 सी एयरपोर्ट का दर्जा दिलाने के लिए एमआईसी में प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही श्रीकांत वर्मा मार्ग जाने वाली चौक जहां पर हमर बिलासपुर लिखा हुआ है पर रोटरी क्लब चौक का निर्माण कराया जाएगा और उसका पूरा खर्चा रोटरी क्लब वहन करेगा। 15 वें वित्त से 100 नग हाथ ठेला 12 लाख रुपए में खरीदे जाने का भी प्रस्ताव रखा गया। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में 'वन प्रोपर्टी वन टैक्स' प्रणाली को लागू किए जाने का प्रस्ताव रखा गया।

### उद्यानों में लगेगी लाइट

उद्यानों में प्रकाश व्यवस्था के रख रखाव हेतु एक करोड़ का प्रस्ताव बनाया गया है। साथ ही नगर निगम के विभिन्न स्थानों में खाली पोलों एवं नए पोलों में स्ट्रीट लाईट फिटिंग कम्प्लीट प्रदाय एवं स्थापना के लिए 50 लाख का टेंडर बनाया गया है। नगर निगम क्षेत्र में 5 स्थानों पर नगर प्रवेश द्वार बनाने के लिए 70.20 लाख रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है।

### एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव पेश

एमआईसी मेंबर विजय ताम्रकार द्वारा एक राष्ट्र-एक चुनाव का प्रस्ताव एमआईसी में रखा गया है। इसमें कहा गया कि एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव का उद्देश्य यह है कि निर्वाचन महंगे और समय लेने वाले हो गए हैं। इसलिए देशहित एवं लोकहित में एक साथ निर्वाचन करवाने की अत्यंत आवश्यकता है। देश के मतदान की प्रकियावाले कई हिस्सों में आदर्श आचार संहिता के लागू होने के चलते संपूर्ण विकास कार्यों पर रोक लगा देता है। सामान्य जनजीवन में व्यवधान उत्पन्न होता हैं सेवाओं के क्रियान्वयन भी प्रभावित होता है और निर्वाचन डियूटी के लिए लम्बी अवधि तक जनशक्ति की तैनाती करनी पड़ती है। सामान्य सभा में इस प्रस्ताव को पास कर दिया गया है। और अब शासन को भेजा गया है।

## एसईसीएल आज करेगा मॉक ड्रिल

**बिलासपुर।** शहर में एसईसीएल की तीन कालोनियों में बुधवार की रात अंधेरा छा जाएगा। स्ट्रीट लाईटें तो बंद रहेंगी ही, वहीं कालोनी के 600 घरों में भी अंधेरा छाया रहेगा। यह सब कोई बिजली की कटौती या किसी समस्या के कारण नहीं, बल्कि एसईसीएल द्वारा किए जा रहे मॉक ड्रिल के अंतर्गत किया जाएगा। सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के अंतर्गत एसईसीएल बुधवार को दो चरणों में रिहर्सल करेगा। इस संबंध में एसईसीएल के सीएसओ कर्नल अशोक कुमार ने बताया कि रिहर्सल का पहला चरण दिन के समय में किया जाएगा। इसके अंतर्गत ऐसे कर्मचारी-अधिकारी या रहवासी जो किसी कारणवश अपनी बिल्डिंग से बाहर हैं तो उन्हें बताया जाएगा कि हमले से बचाव के लिए तत्काल जमीन पर लेट जाना है। ऐसा करने से वे किसी भी तरह की चोट-चपेट से अपना बचाव कर सकेंगे। रात के समय मॉक ड्रिल के अंतर्गत एक बार ब्लैक आऊट किया जाएगा। सड़कों की स्ट्रीट लाईटें विभाग द्वारा बंद कर दी जाएंगी। इसी तरह घरों की लाईट यहां रहने वाले बंद कर लेंगे। उन्होंने बताया कि शहर में एसईसीएल की तीन कालोनियों इंदिरा विहार, जन शताब्दी नगर व बसंत विहार हैं। इन कालोनियों मघर के बाहर की लाईट पूरी बंद रहेंगी, वहीं भीतर की तेज रौशनी वाली लाईटें बंद की जाएंगी।

## हाईटेक बस स्टैण्ड में शराब पीते 5 पकड़े गए



बिलासपुर। सिरगिट्टी पुलिस ने देर रात हाईटेक बस स्टैण्ड में दबिश देकर शराबखोरी करने वाले पांच लोगों को पकड़ लिया है। वहीं संदिग्ध रूप से घूमने वाले असामाजिक तत्वों को खदेड़ा गया है। पुलिस की कार्रवाई से हड़कंप मच गया है।
सिरगिट्टी टीआई रजनीश सिंह को लगातार शिकायत मिल रही थी कि हाईटेक बस स्टैण्ड में शराबखोरी व असामाजिक तत्वों के द्वारा हंगामा मचाकर यात्रियों से दुर्व्यवहार किया जा रहा है। मंगलवार को रात 10 बजे टीआई श्री सिंह ने स्टाप के साथ हाईटेक बस स्टैण्ड में दबिश देकर शराब पीते पांच लोगों को पकड़कर कार्रवाई करने थाने भेजा। असामाजिक तत्वों को खदेड़ा गया।

## संविधान बचाओ रैली 8 को मुंगेली नाका में होगी सभा

**बिलासपुर।** बिलासपुर में राज्य स्तरीय होने वाली कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली, आमसभा को लेकर मंगलवार को पूरे दिन कांग्रेस भवन में बैठकों का दौर चलता रहा। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों समेत वार्ड प्रभारियों की बैठक लेकर उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस आमसभा में पांच से लेकर आठ हजार तक भीड़ जुटाने की तैयारी चल रही है। कांग्रेस पार्टी की 8 मई को राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली, आमसभा होने जा रही है। इस प्रदेशव्यापी कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ प्रभारी एवं राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट सहित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ के अलावा प्रदेशभर के कांग्रेस के बड़े नेता पदाधिकारी शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए विधायक उमेश पटेल को प्रभारी बनाया गया है। उमेश पटेल और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव यहां तैयारियों को लेकर कांग्रेसजनों की बैठक ले रहे हैं।

## करंट की चपेट में आकर 10 साल के बालक की मौत, मां झुलसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांटा तार में लगे करंट की चपेट में आकर 10 साल के बालक की मौत हो गई है। वहीं बेटे के बचाने के फेर में मां झुलस गई है। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



पचपेड़ी थाना प्रभारी स्वर्ण टण्डन ने बताया, ग्राम कोकड़ी निवासी अनिता जगत अपने 10 साल के बेटा पंकज कुमार जगत के साथ मंगलवार की सुबह 6.30 बजे खेत में रखवाली करने गई थीं। उनका बेटा खेलते हुए पास के प्यारे लाल यादव के खेत में लगे कांटा तार को पकड़ लिया। उसमें करंट प्रवाहित होने से वह चपेट में आ गया। बेटे के चिल्लाने पर मां उसे बचाने लगी और वह करंट की चपेट में आ गई। ग्रामीणों के द्वारा मां बेटे का बाहर निकालकर इलाज के लिए मस्तूरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परीक्षण के बाद पंकज कुमार जगत को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसकी मां का इलाज चल रहा है।


मृत बालक।

## अपोलो प्रबंधन ने कहा आयुष्मान पैकेज में काम करना आसान नहीं

**बिलासपुर।** आयुष्मान योजना के तहत इलाज देने के मामले में कलेक्टर के समक्ष स्वास्थ्य अधिकारी और अपोलो प्रबंधन के अधिकारियों के बीच बैठक हुई। कलेक्टर ने क्षेत्र के लोगों को बेहतर सुविधा के साथ इलाज मुहैय्या कराने के लिए प्रबंधन से बातचीत की। इस दौरान अपोलो के अधिकारियों ने कहा कि वर्ल्ड क्लास मेडिकल सुविधा देने के लिए प्रबंधन को अधिक लागत चुकानी पड़ रही है, ऐसे में आयुष्मान पैकेज के तहत मरीजों का इलाज दे पाना संभव नहीं है। इस पर कलेक्टर ने रास्ता निकालने के लिए कहा है, जिसपर प्रबंधन ने हामी भरी है। बिलासपुर सहित अंचल के लोगों को अपोलो के रहते हुए भी आयुष्मान योजना के तहत इलाज नहीं मिल रहा है। कलेक्टर ने सामान्य बीमारियों को छोड़ जीवनरक्षक के तौर पर कार्डियोलॉजिस्ट, एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, नेफ्रो सर्जरी, डायलिसिस और न्यूरो सर्जरी जैसे क्रिटिकल इलाज में आयुष्मान पैकेज को जोड़कर क्षेत्र के मरीजों को इलाज देने की बात कही है। इसपर प्रबंधन ने कहा कि हर साल करोड़ों रूपए का खर्च महज मेंटनेंस पर किया जा रहा है, आयुष्मान में शामिल होने के बाद इस मेंटनेंस को पूरा कर पाना मुश्किल है। प्रबंधन कहा है कि प्रदेश भर के लोग अच्छी सुविधा के साथ इलाज पाने के लिए अपोलो आते हैं, आयुष्मान पैकेज में इलाज करने पर यहां के बेड इसी से भर जाएंगें, ऐसे में व्यवस्था बिगड़ेगी।

## खबर संक्षेप

### दो माह से कर्मचारी अनुपस्थित, न्यायाधीश ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कोरबा।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोरबा के द्वारा नंद सिंह दैनिक वेतन भोगी जिला न्यायालय कोरबा को बिना किसी सूचना के अपने कार्य पर अनुपस्थित रहने के संबंध में इस आशय का कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि जिला नाजिर नजारत अनुभाग कोरबा द्वारा सूचित किया गया है कि 31 जनवरी से 3 फरवरी तक 3 दिन तक अवकाश पर थे, जिसके पश्चात 4 फरवरी से 3 अप्रैल तक अपने पदीय कार्य से बिना किसी सूचना एवं आवेदन पत्र के अनुपस्थित हैं। दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का विगत 2 माह से अपने पदीय कर्तव्य पर बिना सूचना के तथा बिना आवेदन पत्र के अनुपस्थित रहना शासकीय कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शित करती है। नंद सिंह को वाटरमेन के पद पर आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था। बिना कारण एवं सूचना के कर्तव्य से अनुपस्थित रहने का कृत्य लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को दर्शित करता है। सेवा समाप्त किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण एक सप्ताह के भीतर इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करने नोटिस जारी कियसा गया है अन्यथा निर्धारित समयावधि में स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होने पर एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये सेवा समाप्ति का निर्देश जारी किया गया है।

### मौसम में हुए बदलाव से बढ़ रहे उल्टी दस्त के मरीज, 13 भर्ती



**कुसमी।** बेमौसम बारिश और उमस के बीच अब क्षेत्र में मौसमी बीमारियों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में लोग उल्टी-दस्त और बुखार से ग्रसित हो रहे है। वर्तमान में भी क्षेत्र के अलग अलग ग्रामीण इलाकों में 16 से 17 मरीज सामने आए है। इनमें एक दर्जन से अधिक मरीजों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकी स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि अभी स्थिति सामान्य है और क्षेत्र में अमले को सक्रिय कर दिया गया है। जरूरत पड़ने पर कैम्प लगाकर लोगों का उपचार किया जाएगा। बता दें कि भीषण गर्मी के बीच मौसम में उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। तेज धूप के बाद बारिश हो रही है। यही वजह है कि तेजी से बदलते मौसम के कारण लोग मौसमी बीमारी से ग्रसित हो रहे है। इस बीच क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में उल्टी दस्त के मरीज सामने आए है। विकासखंड से लगभग 70 किमी की दूरी पर बसे ग्राम रामनगर, नीलकंठपुर, नवडीहा, पुरानपानी सहित अन्य क्षेत्रों में उल्टी दस्त के मामले सामने आए है। उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत पर बीती रात एम्बुलेस की मदद से लगभग 17 मरीजों को अस्पताल में लाया गया था। कुछ मरीजों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई जबकि शेष 12 से 13 मरीजों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। सभी मरीजों को उल्टी, दस्त और बुखार की शिकायत है। फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य बताई जा रही है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव में मितानिन की मदद से निगरानी की जा रही है और जरुरत पड़ने पर कैम्प लगाने की बात कही जा रही है। स्थिति नियंत्रण में मौसम में बदलाव के कारण उल्टी, बुखार के मरीज आ रहे है। 13 मरीजों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। सभी की हालत में सुधार है और स्थिति नियंत्रण में है। मितानिन को निगरानी रखने कहा गया है। जरुरत पड़ने पर कैम्प लगाकर लोगों का उपचार किया जाएगा लेकिन फिलहाल मरीजों की हालत सामान्य है।

### बेटी की शादी करने पर जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के रामचंद्रपुर में एक आदिवासी ग्रामीण को गांव में अपनी बेटी की शादी करने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। धमकी से डरकर ग्रामीण के दामाद ने भी रिश्ता तोड़ दिया और शादी करने से इनकार कर दिया। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। रामचंद्रपुर पुलिस के अनुसार अनिरुद्धपुर निवासी 56 वर्षीय रामस्वरूप सिंह आ. स्व. मिठू सिंह खैरवार ने अपनी बेटी की शादी समाज के युवक से तय की थी और शादी 8 मई को होने वाली थी। इस बीच 30 अप्रैल को ग्रामीण शादी की तैयारी के लिए रामचंद्रपुर जा रहा था। इसी दौरान बंधा हाई स्कूल मुख्य मार्ग के पास आशिफ अंसारी पहुंचा और गाली गलौज करते हुए ग्रामीण को रोक लिया और उसे धमकी दी कि तुम अपनी बेटी की शादी केरवाशीला में तय किए हो। यदि तुम वहां शादी करते हो तो तुम्हारा गला काटकर फेंक दूंगा और दामाद को भी मारकर फेंक दूंगा। इस घटना के बाद दहशत में आकर लकड़ा पक्ष के लोगों ने शादी करने से इनकार कर दिया जिससे ग्रामीण को अपमान झेलना पड़ रहा है और वह घटना से आहात है। ग्रामीण द्वारा मामले की शिकायत पुलिस से की गई जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में आरोपी टिकीदिरी निवासी आसिफ अंसारी आ. सगीर अंसारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 126(2), 296, 351(3) व अज-अजजा (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) 3-1(आर-एस) के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# पेंशन, राशनकार्ड और वन अधिकार पत्र के प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से करें निराकरण : वसंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अधिकारियों की बैठक लेते कलेक्टर श्री वसंत।

कलेक्टर अजीत वसंत ने समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश देते हुए कहा कि शिविर दिवस में क्षेत्र के एसडीएम अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने सुशासन तिहार में प्राप्त पेंशन,वन अधिकार और राशनकार्ड के आवेदन पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश देते हुए सम्बंधित विभाग को एक फार्मेट तैयार करने के निर्देश देते हुए वन अधिकार पत्र के पात्र हितग्राहियों के नाम का प्रस्ताव ग्राम सभा में रखवाने के निर्देश दिए। उन्होंने राशनकार्ड, वन अधिकार पत्र,पेंशन के प्रकरणों की मॉनिटरिंग के निर्देश सीईओ जिला पंचायत को दिए। कलेक्टर ने समाधान शिविर से पूर्व सम्बंधित ग्राम पंचायतों के आवेदकों के आवेदन का गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने लोक सेवा केंद्र अंतर्गत प्राप्त जाति, निवास, आमदनी सहित अन्य प्रमाणपत्रों के आवेदनों का समय-सीमा में जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी आवेदन निरस्त न हो और वापसी न हो, इसके लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर को निर्देशित करें कि वह आवश्यक दस्तावेज समय पर अपलोड करें। उन्होंने एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देशित किया कि स्कूली विद्यार्थियों सहित आंगनबाड़ी केंद्र से इस सत्र में विद्यालय जाने वाले आरक्षित वर्ग के बच्चों का जाति प्रमाणपत्र 16 जून से पूर्व बन जाए। कलेक्टर ने विभागीय जाँच के प्रकरणों में हुई कार्यवाही की जानकारी ली। उन्होंने भू-अर्जन के प्रकरणों में गजट नोटिफिकेशन के निर्देश पीडब्ल्यूडी के ईई को दिए। बैठक में कलेक्टर ने स्कूलों और शिक्षकों के युक्ति युक्तकरण की कार्यवाही को पारदर्शिता के साथ शासन के निर्देशानुसार समय सीमा में करने के निर्देश डीईओ को दिए। उन्होंने सीएसईबी चौक में यात्रियों की सुविधा हेतु प्रसाधन कक्ष बनाने के लिए नगर निगम को निरीक्षण के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड, व्यवन्दन कार्ड की समीक्षा करते हुए व्यवन्दन कार्ड में आधार अपडेटेशन के निर्देश दिए। उन्होंने आकस्मिक स्वास्थ्य सेवा के लिए 102 और 108 जैसे वाहनों के संचालन के सम्बंध में सीएमएचओ को निर्देश दिए। कलेक्टर ने आरबीसी 6-4 अंतर्गत मृत्यु दिनाँक से सात दिवस के भीतर प्रकरण दर्ज करने और पीड़ति को समय पर मुआवजा वितरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत दुकान का संचालन एक से अधिक समूह या लैम्पस द्वारा संचालित होने पर की जा रही कार्यवाही की जानकारी एसडीएम से ली। उन्होंने पीडीएस संचालन के लिए आवेदन मंगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बलसेन्धा से माली कछार सहित अन्य दूरस्थ ग्रामों में विद्युतीकरण के सम्बंध में विद्युत विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने बाल सम्प्रेषण गृह के संचालन और पहुँच मार्ग के संबंध में नगर निगम को निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने आटोमेटेड ट्रैक निर्माण के लिए आरटीओ, भैसमा तहसीलदार और हाऊसिंग बोर्ड को निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण हेतु अलग डिजाइन तैयार कराने के निर्देश दिए। बैठक में नर्सिंग भवन, लाइब्रेरी निर्माण, दूरस्थ क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, सखी वन स्टॉप, अधिवक्ता भवन, अंत्यावसायी विभाग अंतर्गत ऋण प्राप्त कर राशि जमा नहीं करने वाले हितग्राहियों से राशि वसूली के संबंध में निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग,अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी, मनोज कुमार बंजारे सहित सभी एसडीएम, अधिकारी उपस्थित थे।

#### एमएमयू में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करें

कलेक्टर ने नगरीय निकाय और नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के संचालन और प्रदान की जा रही सेवा की समीक्षा की। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर सहित सभी स्टॉफ की उपस्थिति और सभी दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्लम क्षेत्रों में शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वर्तमान संख्या के औसत में 20-20 की संख्या में वृद्धि के निर्देश देते हुए सभी एमएमयू में कम से कम 90 मरीजो को सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि कुल 10 एमएमयू का संचालन नगरीय निकाय कोरबा में, एक नगर पंचायत पाली-छुरी और एक बांकीमोंगरा और दीपका क्षेत्र में संचालित हो रही है। एक एमएमयू दाई दीदी क्लीनिक के रूप में संचालित हो रही है। जिसमें सभी महिला स्टाफ है। कलेक्टर ने नगरीय निकाय क्षेत्र अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) योजनान्तर्गत प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की।

#### नक्शा-बटांकन व त्रुटि सुधार के प्रकरणों को गंभीरता से करें

कलेक्टर अजीत वसंत ने नक्शा-बटांकन के लंबित कार्यों को दो माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 15 दिवस के भीतर जिन हल्को में कार्य नहीं हो रहा होगा,उन हल्कों के पटवारियों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर में विवादित और मसाहती वाले प्रकरणों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों के नक्शा बटांकन कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने त्रुटि सुधार के प्रकरणों में 15 दिवस के भीतर गंभीरता से करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग की भी जिम्मेदारी बनती है कि राजस्व रिकार्ड त्रुटि रहित हो। उन्होंने 3 से 4 साल वाले पुराने राजस्व प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीमांकन सहित अन्य राजस्व प्रकरण के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोक सेवा केंद्र अन्तर्गत प्रकरणों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

## तिलकेजा में वन नेशन वन इलेक्शन पर सरपंच संघ की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



संगोष्ठी में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधि।

वन नेशन वन इलेक्शन पर अटल समरसता भवन तिलकेजा में सरपंच संघ कोरबा व करतला की संयुक्त संगोष्ठी आयोजित की गई। किशन साव की अगुआई में यह संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि व जनपद पंचायत करतला के अध्यक्ष श्रीमती अशोका कंवर ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया। कोरबा व करतला ब्लॉक के सरपंचों का संयुक्त रूप से अटल समरसता भवन तिलकेजा में संगोष्ठी आयोजित किया गया। संगोष्ठी का संचालन क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता व भाजपा के उरगा मण्डल अध्यक्ष किशन साव ने किया। संगोष्ठी में सरपंच विश्राम कंवर, ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर राठिया, सरपंच संघ के कोरबा ब्लॉक के अध्यक्ष विजय मँझवार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में सरपंच संघ के कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष विजय मंझवार, करतला ब्लॉक अध्यक्ष रामेश्वर राठिया, मुख्य वक्ता आरएसएस जिला बौद्धिक प्रमुख ईश्वर श्रीवास, सरपंच विश्राम कंवर, विज्ञानी देवी गिधौरी, दीनानाथ राठिया घिनारा, छत्रपाल सिंह राठिया नवापारा, परमेश्वर राठिया केरवादुआरी, जयनेन्द्र कंवर कूकरीचोली,गेवराज सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में अब होने लगा गंभीर बीमारियों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



मरीज का उपचार करते चिकित्सक।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में मंगलवार को तीन सी-सेक्शन आपरेशन संपादित किया गया। पूर्व में अस्पताल में निश्चेतक विशेषज्ञ नहीं होने के कारण सी-सेक्शन एवं अन्य प्रकार के ऑपरेशन हेतु निश्चेतक विशेषज्ञ, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालस से बुलाना पड़ता था, जिसके कारण आपातकालीन आपरेशन में परेशानी होती थी। किन्तु वर्तमान में जिला खनिज न्यास मद के माध्यम से निश्चेतक विशेषज्ञ डॉ. के अनिल कुमार द्वारा पद भार ग्रहण करने उपरांत उक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन आदि कार्य सफलतापूर्वक संपादित किये जा रहे हैं। डॉ. के अनिल कुमार, निश्चेतक विशेषज्ञ इससे पहले वर्ष 2023-24 में भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में ही पदस्थ थे, उक्त अवधि में अस्पताल में प्रति माह औषतन 20 सी-सेक्शन एवं अन्य मेजर ऑपरेशन सफलता पूर्वक संपादित किये जा रहे थे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में प्रतिदिन शिशु रोग विशेषज्ञ, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, दंत रोग विशेषज्ञ इसके अलावा नेत्र रोग विशेषज्ञ बुधवार, सर्जन बुधवार एवं गुरूवार, रेडियोलाजिस्ट प्रति बुधवार को उपलब्ध रहते हैं।

## पुलिस व वन विभाग की टीम ने अवैध लकड़ी लोड तीन ट्रैक्टर किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



बतौली क्षेत्र में इमरती लकड़ी की अंतरराज्यीय तस्करी पर कार्रवाई करते हुए तीन ट्रैक्टर लकड़ी को वन विभाग व पुलिस टीम ने पकड़ा।

गौरतलब है कि बतौली के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के तस्कर लगातार सक्रिय है जो भोले भाले ग्रामीणों से सस्ती दर में इमारती लकड़ी खरीद कर अन्य राज्यों में लगातार अवैध तस्करी किया जा रहा था। जहां तस्करों को लाखों रुपए की मोटी कमाई हो रही है जिसका खबर प्रकाशन हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से किया गया। जिस पर वन विभाग तस्करों पर नजर बनाए हुए थे। साथ ही बतौली पुलिस व वन विभाग की टीम पेट्रोलिंग के माध्यम से लगातार सघन जांच कर रही है । इसी कड़ी में सोमवार रात 1 बजे बतौली पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग के समय नीलगिरी से भरे ट्रैक्टर को पकड़ थाने ले आई जिस पर वन विभाग द्वारा कागजी करवाई कर ट्रैक्टर सहित लकड़ी को जब्त किया है। मंगलवार को दिन दहाड़े उत्तर प्रदेश के तस्कर 2 ट्रैक्टर में सेमर के लकड़ी लोड कर बतौली नगर से लेकर जा रहे थे। जिस पर वन विभाग के रेंजर विजय तिवारी की अगुवाई में 2 ट्रैक्टर अवैध लकड़ी तस्करों से जब्त की। जिसे सीतापुर वन विभाग डिपो ले जाया गया हैं। इसके पूर्व भी नीलगिरी लोड एक ट्रैक्टर व नीलगिरी लोड एक ट्रक पर जब्ती की कार्रवाई गई है। कार्रवाई में वन विभाग के कर्मचारी राजेश वराडे,प्रेमसाय तिग्गा, देवेंद्र सिंह,प्रभात तथा बतौली पुलिस के संजय नाथ तिवारी सक्रिय रहे।

## भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल के स्वागत में जुटे कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी के स्वागत एवं कोसाबाड़ी मंडल की परिचात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने श्री मोदी का स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री मोदी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का आहवान किया। बैठक में संगठनात्मक एकता और अनुसान समर्पण के साथ काम करने की बात कही।

**खास बात**

- पार्टी कार्यालय में परिचयात्मक बैठक को मोदी ने किया संबोधित



पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष के स्वागत में जुटे कार्यकर्ता।

कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय, ट्रांसपोर्ट नगर में आयोजित हुआ, जिसमें सुबह 12 बजे से ही कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति देखी गई। वातावरण भाजपा के नारों, पुष्पवर्षा और जयघोषों से गूंज उठा। यह आयोजन एक साधारण स्वागत नहीं, बल्कि संगठन के नवदिशा और नवविकास की घोषणा थी। इस अवसर पर गोपाल मोदी का स्वागत शॉल, श्रीफल एवं पुष्पगुच्छों से किया गया। मंच पर उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर अशोक चावलानी पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व सभापति, राम नारायण सोनी पूर्व सभापति, डॉ. राजेश राठौर अध्यक्ष, कोसाबाड़ी मंडल, श्रीमती मंजू सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, महिला मोर्चा, श्रीमती मीना सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा, प्रकाश अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष, संदीप सहगल जिला मंत्री अजय वैष्णव पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनोज राठौर पूर्व जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा सा. मीडिया प्रभारीः पवन सिन्हा अनिल वस्त्रकर, ललेश दुबे, अजय गोंड, राकेश वर्मा, पंकज देवांगन, श्रीमती ममता यादव, श्रीमती सुनीता चौहान, प्रताप सिंह कंवर, श्रीमती चंद्रकाली जायसवाल पुनि राम साहू, अर्जुन गुप्ता, श्रीधर द्विवेदी, नीरज ठाकुर, मिलाप राम भारत, गिरधारी रजक संतोष राठौर, संयोजक गण गोपलाल राठिया, शिव जायसवाल, बिलासा बुटालिया, शिव चंदेल, संजीव शर्मा, बलदेव दीवान भजन सिंह, मिलन, प्रवीण, महिला प्रतिनिधित्व श्रीमती तृप्ति सरकार, श्रीमती चंदला राठौर, श्रीमती पुष्पकला साहू, श्रीमती स्वाति कश्यप, श्रीमती किया सेनगुप्ता, श्रीमती राखी तिवारी, श्रीमती संतोषी लदेर, श्रीमती प्रीति चौहान, श्रीमती कृष्णा राठौर, श्रीमती कालिंद्री राठौर उपस्थित रहे।

कोरबा मार्केट









## खबर संक्षेप

### वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**कोरबा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि वयोवृद्ध लोगो के स्वास्थ्य जाँच हेतु 7 मई को पोंड़ी उपरोड़ा ब्लाक में स्वास्थ्य केन्द्र कोरबी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तुमान, करतला ब्लाक में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सरगबुंदिया और शहरी क्षेत्र में यूपीएचसी कटाईनार में वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा।

### बैजनाथधाम के लिए आज रवाना होंगे तीर्थयात्री

**कोरबा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण विभाग द्वारा निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिन हितग्राहियों का चयन बाबा बैजनाथधाम, बजरंगबली मंदिर, अनुकूल ठाकुरजी का सत्संग मंदिर गया के लिए चयनित किया गया है, उन सभी हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि 7 मई को सुबह 10.30 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित परिसर में पहुंचें।

### प्राथमिक शाला करूमौहा के प्रधानपाठक आनंद निलंबित

**कोरबा।** जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विकासखंड कोरबा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला करूमौहा में पदस्थ प्रधानपाठक आनंद तिवारी को अपने कर्तव्य के प्रति लापरवाही, उदासिनता एवं अनुशासनहीनता बरतने के कारण सेवा से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोरबा नियत किया गया है। निलंबन अवधि में इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता रहेगी।

### करतला, लैंगा और सलोरा में समाधान शिविर आज

**कोरबा।** सुशासन तिहार के तृतीय चरण 5 से 31 मई के बीच जिले के सभी विकासखंडों के क्लस्टर ग्रामों में समाधान शिविर आयोजन कर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही प्राप्त आवेदनों के निराकरण की भी जानकारी दी जाएगी। समाधान शिविर के तहत 7 मई को करतला विकासखंड के ग्राम पंचायत करतला कलस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत करतला, बड़मार, बांधापाली, बोतली, चांपा, चोरभट्टी, डोंगाआमा, कल्गामार, कोटमेर मदवानी, नोनबिर्रा और पीड़िया हेतु हायर सेकेण्डरी स्कूल करतला में शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत लैंगा क्लस्टर सम्मिलित ग्राम पंचायत लैंगा, सेमरा, सैला, सारिसमार, रामपुर लैं., पंडरीपानी,कारीमाटी, धवलपुर, सासिन और सेन्दूरगढ़ हेतु शासकीय हाई स्कूल मैदान लैंगा में शिविर और कटघोरा विकासखण्ड अंतर्गत सलोरा (क) क्लस्टर अंतर्गत सम्मिलित ग्राम पंचायत सलोरा क, जेंजरा, हुंकरा, धंवईपुर, पौंसरा, ढेलवाडीह, अरदा, और शुक्लाखार हेतु पंचायत भवन सलोरा क के सामने में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सुशासन तिहार अन्तर्गत पसान में समाधान शिविर आयोजित



**कोरबा।** सुशासन तिहार के अवसर पर तृतीय चरण में जनपद पंचायत पोंडी उपरोडा जिला कोरबा के पसान कलस्टर में 5 मई को आयोजित शिविर में कुल 9 पंचायत जिसमें अडसरा,बैरा,सेन्हा,कर्री,चन्द्रौटी, खोडरी प, कुम्हारीसानी, लैंगी एवं पसान शामिल रहे। जिसमें सुशासन तिहार के प्रथम चरण में समस्त विभागों से कुल 4721 आवदेन प्राप्त हुए थे, जिसमें पोडी उपरोंडा के प्रथम शिविर में कुल 4283 आवेदनों का निराकरण कर आवेदकनुसार निराकरण की स्थिति शिविर के माध्यम से अवगत कराया गया एवं शिविर में कुल 70 आवेदन प्राप्त हुए जिनका निराकरण की स्थिति भी शिविर के दौरान ही विभागवार अवगत कराया गया । सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए जनपद कार्यालय के माध्यम से 11 नवीन राशन कार्ड वितरण, जनपद कार्यालय मनरेगा से 28 जॉब कार्ड वितरण,कृषि विभाग से 1 नग सिंचाई पम्प वितरण एवं राजस्व विभाग से 10 नग किसान ऋण पुस्तिका एवं शिक्षा विभाग की तरफ से 5 नग जाति प्रमाण पत्र शिविर के माध्यम से विरतरण कराया गया । शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शांति मरावी, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती माधुरी देवी तंवर, जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद जाखड एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 12, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एसडीएम तुलाराम भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पोंडी उपरोंडा एवं समस्त विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारीगण शिविर में उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी

**कोरबा।** ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने पर तथा अधिक गर्मी पड़ने से शुष्क वातावरण में लू (तापाघात) की संभावना अधिक होती है। जो घातक या जानलेवा हो सकती है। जिले में बढ़ रही गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू से बचाव हेतु आवश्यक उपाय अपनाने के लिए एडवाइजरी जारी की है।

---

## पेयजल के लिए खड़ी हो रही है प्रभावित ग्रामों में समस्या

# फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में लगाए गए रिमूवल प्लांट पड़े हैं बंद



पंडरीपानी स्थित हैंडपंप।



पंडरीपानी के ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों के हैंडपंप में लगाए गए रिमूवल प्लांट इस समय बंद पड़े हुए हैं। जिससे इन प्रभावित ग्रामों के निवासियों के लिए पेयजल के लिए कुंआ एवं अन्य जल स्त्रोत का सहारा लेना पड़ रहा है। जिले में फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों की संख्या 138 है जिनमें 33 ग्रामों के हैंडपंपों से निकलने वाले पानी में फ्लोराइड का मानक स्तर अधिक है। ऐसे गांव की संख्या 33 बताई गई है।

फ्लोराईड प्रभावित ग्रामों की संख्या विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में सर्वाधिक है। इसके अलावा पाली और करतला ब्लॉक के कुछ क्षेत्र में फ्लोराइड पानी में पाया गया है। इससे बचाव के लिए इन क्षेत्रों के हैंडपंपों को पूरी तरह से बंद किया गया है या फिर उनमें रिमूवल प्लांट लगाए गए हैं जो अब बंद पड़े हैं और जिन क्षेत्रों में ऐसे हैंडपंप है जिनके पानी में फ्लोराइड की मात्रा मानक स्तर से अधिक है उन ग्रामों के हैंडपंपों को बंद करने की कार्यवाही की गई है। ऐसी स्थिति में फ्लोराइड प्रभावित के ग्रामीणों के समक्ष निस्तारी की समस्या खड़ी हुई है, हालांकि गांव के अन्य जल स्त्रोत से ग्रामीण अपनी निस्तारी की समस्या का निदान कर रहे हैं। गर्मी के समय इन जल स्त्रोत का पानी कम होने के कारण ग्रामीणों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन योजना भी अब तक कुछ क्षेत्रों में कारगार साबित नहीं हो सकी है। जिसकी वजह से शासन के द्वारा खर्च किए जा रहे बजट का ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल रहा है।

**खास बात**

- करतला, पोड़ी उपरोड़ा और पाली ब्लाक में प्रभावित ग्राम

**ये गांव हैं फ्लोराइड प्रभावित**

जिले के फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में जनपद पंचायत करतला के अंतर्गत कल्गामार, चांपा आदि ग्राम शामिल हैं जिनके हैंडपंपों से निकलने वाले पानी में फ्लोराइड की मात्रा सामान्य से अधिक पाई गई है। इसके अलावा विकासखंड पाली अंतर्गत ग्राम पंचायत कांजीपानी और चैतमा के आश्रित मोहल्लों में लगे हैंडपंपों में भी फ्लोराइड पानी निकलने के लिए कारण उसे बंद किया गया है। विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत पंडरीपानी, कौआताल, देवमिट्टी, बिंझरा एवं तुमान के आश्रित ग्राम शामिल हैं।

**दी जाती है पेंशन राशि**

राज्य शासन के नियमानुसार फ्लोराइड प्रभावित ग्रामों में पीड़ित ग्रामीणों के लिए पेंशन राशि दिए जाने का प्रावधान है। हालांकि 5 सौ रुपए की पेंशन राशि से उपचार कराना संभव नहीं है। फ्लोराइड से प्रभावित लोगों की संख्या 7 सौ बताई गई है। जिनके हाथ पैर ढेढे होने और दांत खराब होने की शिकायतें ज्यादा आई है।

---

# दो बहनों में विवाद, छोटी ने फांसी लगाकर कर ली खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो बहनों के बीच कपड़ा पहनने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते-देखते दोनों बहनों में विवाद बढ़ गया और जिससे क्षुब्ध होकर छोटी बहन ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। जिसे परिजन उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला कुसमुण्डा थाना क्षेत्र अंतर्गत आनंदनगर बस्ती की है। यहां निवासरत रमेश जायसवाल की 13 वर्षीय पुत्री सुहानी उर्फ प्रियांशी कक्षा आठवीं की छात्रा थी। बताया जाता है की सुहानी की बड़ी बहन से उसका सोमवार को कपड़ा पहनने को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस बीच उसकी मां ने सुहानी को ही फटकार लगा दी थी जिससे सुहानी क्षुब्ध हो गई और उसने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास कर ली। जब परिजनों को भनक लगी तो उसे आनन-फानन में फंदे से नीचे उतार कर उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। वही सुहानी की मौत हो जाने से परिवार सदमे में है।

**खास बातें**

- कुसमुंडा थाना क्षेत्र के आनंदनगर का मामला, जांच में जुटी पुलिस
- ड्रेस पहनने को लेकर हुआ था दोनों में विवाद, छोटी बहन हो गई थी इससे क्षुब्ध

**पोस्टमार्टम के लिए घूमता रहा परिवार**

बताया जाता है कि सुहानी की मौत सोमवार की शाम 4:50 बजे मौत हो गई थी लेकिन मेडिकल अस्पताल प्रबंधन ने इसका मेमो जिला अस्पताल चौकी पुलिस को नहीं दिया ना ही अगले दिन मंगलवार की सुबह मेमो दिया गया। परिजन सुबह से ही पोस्टमार्टम कराने के लिए अस्पताल, पुलिस और डॉक्टर के चक्कर काटते रहे लेकिन उनकी सुध किसी ने नहीं ली। इस बीच जिला अस्पताल चौकी पुलिस ने इसकी सूचना मेडिकल हॉस्पिटल के वरिष्ठ अधिकारियों को दी। जिसके बाद दोपहर को मेमो मिलने के बाद पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही की और उसका पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस दौरान लगभग 17 घंटे तक पुलिस को पोस्टमार्टम के लिए मेमो नहीं मिला इस बीच परिजन परेशान रहे।

---

# राष्ट्रीय कथक में योगिता ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय नृत्य स्पर्धा ऑल इंडिया कल्चरल नेशनल डांस फेस्टिवल नृत्य संस्कृति 2025 का आयोजन नागपुर में हुआ। इसमें छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए कथक नृत्यांगना योगिता श्रीवास ने एक बार फिर प्रथम स्थान हासिल कर कोरबा जिले को गौरवान्वित किया है। यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर अखिल नटराजन अंतर सांस्कृतिक संघ द्वारा 28 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया था। स्पर्धा में देश भर के विभिन्न आयु वर्ग के 500 प्रतिभागियों ने भाग लिया था। कोरबा की योगिता श्रीवास ने कथक नृत्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्णायकों के साथ दर्शकों को प्रभावित किया। योगिता श्रीवास कथक नृत्यांगना प्रीती चंद्रा, इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय से कथक गोल्ड मेडलिट से अपनी कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही है। योगिता श्रीवास, धनीराम श्रीवास और श्रीमती भामिती श्रीवास की पुत्री हैं।

# दंतैल ने तीन मकानों को तोड़ा धान व गन्ने की फसल की चौपट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के जंगलों में हाथियों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में दंतैल हाथी ने उत्पात मचाते हुए ग्रामीणों के तीन मकानों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही धान और गन्ने की फसल को भी नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि यह दंतैल हाथी मरवाही से आया है। जिले में 53 हाथी अलग-अलग क्षेत्रों में विचरण कर रहे हैं। लेमरू रेंज में 39 हाथियों के झुंड ने नकिया में 7 किसानों की फसल नष्ट कर दी है। बालको वन परिक्षेत्र के दुधीटांगर में 13 हाथियों का एक झुंड विचरण कर रहा है। कुदमुरा वन परिक्षेत्र के गीतकुंवारी में धरमजयगढ़ वनमंडल से एक दंतैल हाथी पहुंचा है। इसने पहले कुम्हारीशानी में एक युवक को कुचलकर मार डाला था। इस घटना के बाद से ग्रामीण भयभीत हैं। ग्राम बीजाडांड़ में हाथी ने इंद्रपाल सिंह मरावी के मकान को तोड़ दिया। उनकी बाड़ी में गन्ने की फसल और एक टंकी को भी नष्ट किया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर भगाया। वन विभाग हाथियों पर लगातार नजर रख रहा है। विभाग ने हाथियों के विचरण वाले क्षेत्र के आसपास के गांवों में मुनादी कराई है। ग्रामीणों को जंगल की ओर जाने से मना किया गया है।

# सरईपाली खदान में गुंडा टैक्स की डिमांड, तीन पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सरईपाली कोयला खदान में फील कंपनी के कर्मचारियों को कुछ युवकों ने खदान से कोयला उठाने के नाम पर गुंडा टैक्स की डिमांड कर धमकी दी है। फील कंपनी के जीएम ने इस मामले की लिखित शिकायत पुलिस ने की है जिस पर पुलिस ने 3 लोगों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ज्योतिनगर निवासी संतोष सिंह उम्र 43 वर्ष पिता राजेन्द्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह फील कम्पनी में जी.एम. के पद पर कार्यरत है। उसकी कंपनी ने 33 हजार 821 एमटी कोयला जो सरईपाली खदान से ट्रांस्पोर्टिंग करने के लिए अधिकृत होकर कोयला उठाने के लिए गाड़ी लगवाया, जिस पर 5 मई की शाम लगभग 5 बजे जनी नायक, चंदन सिंह बंजारा व तिरिथ ने धमका कर गाड़ी खदान के अन्दर नहीं घूसने दिया और गाड़ियों को रूकवा दिया। इस बात की सूचना कम्पनी के सुपरवाईजर आलोक सिंह ने बताया जिस पर संतोष सिंह के द्वारा उक्त व्यक्तियों से बातचीत की गई तो उन्होंने 45 रूपये प्रति टन के हिसाब से गुण्डा टैक्स मांगा अन्यथा गाड़ियों को खदान के अन्दर घुसने नहीं देने की धमकी दी। पुलिस ने संतोष सिंह की रिपोर्ट पर जनी नायक, चंदन सिंह बंजारा व तिरिथ के विरुद्ध धारा 308 (2) 3 (5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। ज्ञात रहे कि एक माह पहले ही सरईपाली खदान में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ था जिससे एक युवक की हत्या हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे। इस घटना को लोग भूल भी नहीं पाए हैं कि फिर से सरईपाली खदान में इस तरह का मामला सामने आया है।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

---

# कटघोरा वनमंडल की 44 समितियों में शुरु हुआ तेंदूपत्ता संग्रहण, कोरबा में आज से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही आंधी बारिश की वजह से जंगल में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य कुछ दिनों के लिए पिछड़ गया है। हालांकि कटघोरा वनमंडल में 44 समितियां मंगलवार से तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है लेकिन कोरबा में बुधवार से सभी समितियों में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू किया जाएगा। जिस तरह से मौसम बार-बार करवट बदल रहा है इससे ऐसा लग रहा है कि इस बार तेंदूपत्ता का संग्रहण लक्ष्य पूरा कर पाना संभव नजर नहीं आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कोरबा और कटघोरा वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण करने का काम 1 या 2 मई को शुरू हो जाता है लेकिन पिछले कुछ दिनों से लगातार जिले में अचानक मौसम के करवट बदलने और आंधी बारिश की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य पूरी तरह से प्रभावित हुआ और तय समय के भीतर दोनों ही वनमंडल में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य का काम शुरू नहीं कराया जा सका। कटघोरा वनमंडल में मंगलवार से 44 समितियों में आदिवासी परिवारों द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू कर दिया गया है जबकि वहीं दूसरी ओर कोरबा वनमंडल में अधिकारियों की टीम ने मंगलवार को वनांचल क्षेत्र का दौरा किया और देखा कि तेंदूपत्ता संग्रहण करना अभी उचित होगा कि नहीं और जमीन सूखा है कि नहीं। ज्यादातर इलाकों में नमी सूख गई है। इस हिसाब से वन विभाग के अफसर ने अब फरमान भी जारी कर दिया है कि यदि बुधवार को मौसम ठीक है तो कटघोरा के बाद कोरबा वनमंडल में भी बुधवार से सभी समितियों में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य शुरू किया जाएगा।

**खास बातें**

- लगातार आंधी बारिश की वजह से इस वर्ष तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य हुआ विलंब
- अधिकारियों ने वनांचल क्षेत्र का किया दौरा, लक्ष्य पूरा करने में छूटेगा पसीना

**कटघोरा में 76 हजार 3 सौ, कोरबा में 53 हजार 8 सौ मानक बोरा किया जाना है संग्रहण**

कटघोरा वनमंडल में 44 समितियों के माध्यम से वर्ष 2025 में 76 हजार 300 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण लक्ष्य दिया गया है इसी तरह कोरबा वनमंडल को 53 हजार 800 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य दिया गया है। कटघोरा वनमंडल के आधिकारिक सूत्र बताते हैं की मौसम के बदलते तेवर की वजह से पत्ते प्रभावित हुए हैं लेकिन जिस तरह से अब यदि मौसम में साथ दिया तो निश्चित तौर पर लक्ष्य को पूरा कर लिया जाएगा लेकिन वहीं दूसरी ओर कोरबा वनमंडल में लक्ष्य को पूरा कर पाना संभव नजर नहीं आ रहा आ पा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक 80 से 85 फ़ीसदी ही संग्रहण लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि संग्रहण लक्ष्य को पूरा करने का भरपूर प्रयास किया जाएगा। यदि इस बीच मौसम बदलता है तो निश्चित तौर पर वन विभाग और संग्रहणकर्ता परिवारों को भारी नुकसान हो सकता है।



संग्रहण कार्य का निरीक्षण करते वन विभाग के अधिकारी।

**बारिश से हुआ विलंब**

बारिश की वजह से तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में कुछ विलंब हुआ है। बुधवार से कोरबा वनमंडल के सभी समितियां में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है और सभी समितियों को निर्देश भी जारी कर दिया गया है। लक्ष्य को पूरा करने के लिए भरपूर प्रयास किया जाएगा।

**आशीष खेलवार,** एसडीओ, वन विभाग

online Booking:-www.tripuryatra.com

23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर, 13 नवम्बर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411